हिन्दुस्तान (Hindustan)

दिनाँक (Dated): 29.01.2024	पृष्ठ सं० (Page No). 04	क्रम सं०(Serial No.) 17

सीपीआर देकर एसआई ने विदेशी की जान बचाई

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट पर शुक्रवार सुबह एक विदेशी यात्री को अचानक दौरा पड़ गया। बुजुर्ग बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़े। वहां मौजूद सीआईएसएफ के सब इंस्पेक्टर पुनीत तिवारी ने बुजुर्ग को सीपीआर देकर उनकी जान बचाई।

मौके पर पहुंचे डॉक्टर ने बुजुर्ग को यात्रा के लिए फिट बताया। इसके बाद वह विमान से पेरिस चले गए। जानकारी के अनुसार फ्रांस निवासी 63 वर्षीय बेरट्रांड पैट्रिक 26 जनवरी की सुबह पेरिस जाने के लिए आईजीआई एयरपोर्ट पहुंचे थे। दोपहर 1:45 बजे उन्हें विस्तारा के विमान से पेरिस जाना था। सुबह लगभग 11:40 बजे वह सुरक्षा जांच कर रहे सीआईएसएफ जवान के समीप अचानक दौरा पड़ने की वजह से गिर पड़े।

वहां मौजूद एसआई पुनीत तिवारी तुरंत उनके पास पहुंचे और उन्हें सीपीआर दिया। मेदांता मेडिकल रूम से डॉ. अंशुल को बुलाया गया। इस दौरान यात्री को होश आ गया। डॉक्टर ने जांच के बाद यात्री को पेरिस जाने के लिए फिट बताया। इसके बाद वह पेरिस के लिए रवाना हो गए।